has been included in the VI Plan proposals (1980—85) now under formulation. Due to constraint on resources, there is no proposal at present to set up a T.V. Station at Purnea.

(b) Selection of places for setting up T. V. Centre takes into account various factors such as extent of coverage of rural and urban population, service to border areas, remote and backward areas, coverage of large segments of working classes/industrial population, availability of programme production and programme linking facilities and other infrastructure. Attempts are made to include a judicious mix of places on the above considerations.

### Setting up of a High Court Bench at Agra

6838. SHRI RAJESH KUMAR SINGH: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that sometime back the State Government of Uttar Pradesh had recommended to the Central Government for setting up a Bench of the High Court at Agra; and

(b) if so, when and the decision, if any, taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI P. SHIV SHANKAR): (a) and (b). The State Government sent a proposal in May, 1979 for establishment of a Bench of the Allahabad High Court at Meerut. No decision in this regard has been taken.

### कोयला खानों में बिजली की खपत

6839. श्री राम लाल राही : क्या ऊर्जा और कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कोयला खानों में बिजली की खपत कितनी है और क्या सरकार का विचार बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकारी क्षेत्र में बिजली के उत्पादन संयंत्रों को स्थापित करने का है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(ग) यदि खानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध नहीं होती है तो उचित कोयला खनन के लिए क्या प्रबंध किए जा रहे हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) से (ग). कोल इन्डिया लि० की खानों को बिजली की अनुमानित जरूरत 346 एम० वी० ए० है। परन्तु बिजली की उपलब्धि उसकी मांग के अनुसार नहीं रही है। कोयला खानों को बिजली की पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :—

(i) बिजली के आवंटन में कोयला खानों को उच्चतर वरीयता देना

(ii) कोयला उद्योग को आवन्टन में दी गई उच्चतर प्राथमिकता को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए गैर-खनन लोड को कोयला सरकिटों से अलग करना ।

(iii) जहां कहीं सम्भव हो वहां कोयला कम्पनियों को दामोदर घाटी निगम से बिजली की सीधी सप्लाई ।

(vi) भारत कोकिंग कोल लि०, ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लि० तथा सेन्ट्रल कोलफिल्ड्स लि० में उपयुक्त और समुचित स्थानों पर लगभग 50 मे० वा० क्षमता वाले कैप्टिव अर्थात ग्रहीत विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने के लिए एक योजना तैयार की गई है ।

### कोल इंडिया लिमिटेड में पदों का भरा जाना

6840. श्री तारिक अनवर : क्या ऊर्जा और कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोल इंडिया लि०, कलकत्ता ने उन पदों को भरा है जो विभागीय पदोन्नति से भरे जाने थे ;

(ख) ऐसे कितने पद खाली पड़े हैं जिन्हें सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना है ;

(ग) इन पदों को किन कारणों से अभी तक नहीं भरा गया है ; और

(घ) इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है ?